वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 184 | मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## फाइनलिस्ट बनकर छुए पिता के पैर, मां को किया याद



### एलीट मिस राजस्थान-2023 के सीजन-10 की फाइनलिस्ट आईं सामने, सेश पहनाकर किया अनाउंसमेंट

**जयपुर. कासं।** बेटी ने जैसे ही पिता के चरण छूए पिता की आंखे नम हो गईं फिर जब स्टेज से उतरकर बेटी सेश पहनने आईं, सामने बैठे पिता की आंखों में तेज चमक आ गई फिर दोनों की आंखों से खुशी के आंसू बह निकले। कुछ ऐसे ही दृश्य ब्यूटी पैजेंट एलीट मिस राजस्थान के सेश सेरेमनी में देखने को मिले। इस इवेंट में टॉप 26 फाइनलिस्ट मॉडल्स की घोषणा की गई। स्नेहा शर्मा जहां अपने पिता के हाथों सेश पहनती नजर आई। वहीं, प्रत्यक्षा शाह अपनी मां को सेश पहनने के दौरान याद कर भावुक हो गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी मां की इच्छा थी कि मैं ब्यूटी पैजेंट का हिस्सा बनूं। ब्यूटी पेजेंट एलीट मिस राजस्थान-2023 सीजन-10 की फाइनलिस्ट राजस्थान के अलग-अलग शहरों से आई है। सी-स्कीम स्थित होटल शकुन में फाइनलिस्ट की अनाउंसमेंट और सेश सेरेमनी हुई तो मेहनत, लगन, हौंसला और आत्मविश्वास से भरे चेहरों के पीछे छुपी कई कहानियां भी सामने आईं। प्रोग्राम के चीफ गेस्ट डॉ. जगदीश चंद्रा, मंदिर एवं प्रतिमा निर्माण की विशेषज्ञ आचार्य हिमानी शास्त्री और पेट्रोन जेडी माहेश्वरी ने मोटिवेट किया। शो डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि 26 गर्ल्स का चयन फाइनल के लिए हुआ है। सभी को अजमेर रोड स्थित समस्कारा रिसोर्ट में 7 दिन की ग्रूमिंग दी जाएगी। इसके बाद जयपुर में ही फिनाले होगा, जिसमें एलीट मिस राजस्थान-2023 के सिर ताज सजेगा और तीन टॉफ विनर्स को इलेक्ट्रिक स्कूटी दी जाएगी। फाइनलिस्ट की अनाउंसमेंट और सेश सेरेमनी के दौरान चीफ गेस्ट जगदीश चन्द्रा ने चुरू की स्नेहा के संस्कार देखकर उनको मोटिवेट करते हुए प्रोग्राम में ही 51 हजार रुपए का चेक देते हुए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्कार आज देखने को नहीं मिलते हैं और ये ही कारण है, कि आज ये यहां तक पहुंची है।



## पारा गिरते ही पॉल्यूशन बढ़ा

### मानसरोवर, पुलिस कमिश्नरेट, सीतापुरा इंडस्ट्रीयल एरिया में पीएम 300, पीएम 10 का लेवल 400 के पार, यह सीवियर कंडीशन

**जयपुर. कासं**

शहर में इस बार दिवाली से पहले ही पॉल्यूशन खतरनाक लेवल पर पहुंच गया। सर्दी का असर बढ़ने और पारा लुढ़ककर 20 डिग्री के आसपास रहने के कारण दो हफ्ते में 30 फीसदी प्रदूषण बढ़ गया है। राजधानी में कई इलाकों में सोमवार को एक्यूआई लेवल वैरी पुअर और सीवियर कंडीशन तक चला गया। मानसरोवर, पुलिस कमिश्नरेट, रीको सीतापुरा इंडस्ट्रीयल में एक्यूआई लेवल 200 से 230 दर्ज हुआ। पॉल्यूशन के मुख्य पार्टिकल पीएम 2.5, पीएम 10 का लेवल भी सीवियर कैटेगरी में पहुंच गया। मानसरोवर, पुलिस कमिश्नरेट, रीको सीतापुरा में पीएम 10 का लेवल 400 और मानसरोवर, रीको सीतापुरा में पीएम 2.5 का लेवल 300 के पार दर्ज हुआ।

### सड़कों पर जल रहा कचरा, चल रहे बड़े प्रोजेक्ट

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की स्टडी के अनुसार पीएम 10 के लिए सबसे प्रमुख कारण धूल के कण हैं। यह कंस्ट्रक्शन वर्क, घर और सड़क निर्माण के दौरान धूल के कण हवा में ज्यादा रहते हैं। विंटर सीजन में धूल के कण आसमान में ऊपर नहीं जा पाते और नीचे ही रहते हैं। राजधानी में 3 बड़े आरओबी, आईपीडी टावर प्रोजेक्ट व सड़क निर्माण का काम चल रहा है। इससे भी पॉल्यूशन बढ़ा हुआ है। इसके अलावा इन दिनों निगम सड़कों पर बने डिपो से कचरा उठाने के बजाय वहीं जला रहा है, इससे भी प्रदूषण का स्तर बढ़ा है।



### ऑनलाइन मॉनिटरिंग का डेटा

मानसरोवर सेक्टर-12, एक्यूआई-230, पीएम 2.5-औसत-149, अधिकतम-364, पीएम 10-औसत-230, अधिकतम-484

**पुलिस कमिश्नेट**
एक्यूआई-201, पीएम 2.5-औसत-84, अधिकतम-160, पीएम 10-औसत-201, अधिकतम-407

**रीको इंडस्ट्रीयल सीतापुरा**
एक्यूआई-200, पीएम 2.5-औसत-161, अधिकतम-368, पीएम 10-औसत-200, अधिकतम-457

**मुरलीपुरा**
एक्यूआई-152, पीएम 2.5-औसत-94, अधिकतम-181, पीएम 10-औसत-152, अधिकतम-260


**शास्त्रीनगर**
एक्यूआई-173, पीएम 2.5-औसत-173, अधिकतम-313, पीएम 10-औसत-127, अधिकतम-229

## राजस्थान में आप ने तीसरी लिस्ट की जारी

### डीडवाना, पुष्कर समेत 16 सीटों पर प्रत्याशी घोषित; आदर्श नगर में कांग्रेस पार्षद को बनाया उम्मीदवार

**जयपुर. कासं।** आम आदमी पार्टी (आप) ने विधानसभा चुनाव में अपनी तीसरी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में पार्टी ने डीडवाना, पुष्कर, आसींद, कठूमर समेत 16 सीटों पर प्रत्याशी उतारे है। इस सूची में जयपुर की आदर्श नगर सीट से पार्टी ने कांग्रेस के पार्षद उमरदराज को मैदान में उतारा है। उमरदराज ने 3 दिन पहले ही आम आदमी पार्टी जॉइन की थी। इस तरह आप ने राजस्थान विधानसभा में अब तक 60 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी से जारी सूची में सादुलशहर से गुरविंदर कौर बरार, करनपुर सीट से प्रो. सुखविंदर सिंह, सूरतगढ़ से लीलाधर स्वामी, पीलीबंगा से वीरेन्द्र मेघवाल, आदर्श नगर से उमरदराज, अलवर ग्रामीण से महावीर प्रसार राजौरिया, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ से नंदलाल मीणा, कठूमर से सुनील बैरवा, टोडाभीम से आशाराम मीणा, पुष्कर से अक्षयराज, डीडवाना से रामनिवास रायल, डेगाना से गणेश मीना, नावां से गजेंद्र सिंह कूकनवाली, आसींद से राणा खान, बूंदी से किशनलाल मीणा और अंता सीट से ओम गोचर को मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी ने इससे पहले दूसरी लिस्ट में 21 और पहली लिस्ट में 23 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। पार्टी का लक्ष्य 200 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारकर चुनाव लड़ना है। जयपुर की आदर्श नगर सीट से उमरदराज को उतारने से यहां से कांग्रेसी उम्मीदवार रफीक खान को थोड़ी परेशानी हो सकती है। उमरदराज कांग्रेस से पार्षद का चुनाव जीत चुके हैं। वे पिछले कुछ साल से लगातार पार्टी से नाराज थे। नगर निगम हेरिटेज में समितियां नहीं बनाए जाने के कारण उन्होंने कांग्रेस के अन्य पार्षदों के साथ मिलकर धरना भी दिया था।

# होटल राज देवम् द मून बैली आगरा में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



## समारोह में 500 छात्राओं को किया सम्मानित

**आगरा. शाबाश इंडिया**

30 अक्टूबर को आगरा के फतेहाबाद रोड स्थित होटल राज देवम् द मून बैली में पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी गुरुदेव सराकोद्धारक षष्ट पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की प्रेरणा एवं सप्तम पट्टाचार्य श्री 108 ज्ञेयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से गणिनी आर्यिका श्री 105 आर्षमति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य एवं अखिल भारतीय ज्ञानार्ष भक्त परिवार एवं ज्ञानार्ष वषायोग समिति ओल्ड ईदगाह कॉलोनी जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य ज्ञानसागर अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गयो कार्यक्रम का शुभारंभ सुधीर जैन कलकत्ता वाले द्वारा ध्वजारोहण एवं श्री मुन्नालाल जैन ने फीता खोलकर मंच का उद्घाटन करके कियो तत्पश्चात सौभाग्यशाली भक्तों ने समाधिस्थ षष्ट पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया। साथ ही भक्तों ने गुरुमां का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त कियो इस दौरान समस्त बालिका मंडलों द्वारा भक्ति गीत पर बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद पूरे भारतवर्ष के सम्रग जैन सम्प्रदायों के छात्र-छात्राएं जिसमें कक्षा 10वी एवं कक्षा 12वी,यूपी एससी,सीए,आई आईटी, क्लेट, नीट, अथवा किसी भी उच्च प्रशासनिक सेवा में चयनित सभी 500 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अखिल भारतीय ज्ञानार्ष भक्त परिवार के पदाधिकारीओं द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र,मैडल,बैग आदि देकर सम्मानित किया गया।अखिल भारतीय ज्ञानार्ष भक्त परिवार के पदाधिकारीओं द्वारा स्मृति चिन्ह,प्रशस्ति पत्र,मैडल, बैग आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति द्वारा बाहर से पधारे सभी अतिथियों का माल एवं साफा पहनकर एवं चंदन लगाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन बाकलीवाल,नीरु जैन एवं शिल्पी जैन द्वारा किया गया। सम्मान समारोह के मध्य में गणिनी आर्यिका श्री 105 आर्षमती माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य माता-पिता एवं अपने परिवार की सेवा,जैन समाज की सेवा,देश की सेवा,राष्ट्र की सेवा करने का उद्देश्य है और जैन धर्म के सिद्धांतों पर चलने का उपदेश दिया ।इस कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन बाकलीवाल, नीरु जैन दिल्ली एवं शिल्पी जैन मुरैना द्वारा किया गया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह की व्यवस्था ज्ञानार्ष महिला मंडल ओल्ड ईदगाह कॉलोनी,ज्ञानार्ष बालिका मंडल छीपीटोला,जय जिनेंद्र युवा संघ,आचार्य विद्यासागर युवा संघ राहुल विहार,एनसीसी ग्रुप छीपीटोला, द्वारा संभाली गई कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति ने ज्ञानार्ष महिला मंडल को माला पहनकर सम्मानित किया। इस दौरान आयोजन समिति ने ज्ञानार्ष स्मारिका पत्रिका का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्री धर्मवीर प्रजापति कारगार एवं होमगार्ड स्वतंत्र प्रभारी उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय पूर्व मेयर नवीन जैन जी मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रुपेश जैन चांदी वाले, संजय जैन,अजीत जैन, विकास जैन मनोज जैन,राजकुमार जैन सोनू,अतुल जैन,टिंकल जैन, विवेक जैन,अभिषेक जैन,मोहित जैन,मोनू जैन,शुभम जैन, दीपा जैन, शिखा जैन,पायल जैन,सोनम जैन, समस्त आगरा सकल जैन समाज एवं ओल्ड ईदगाह कॉलोनी जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।





**रिपोर्ट मीडिया प्रभारी शुभम जैन**

# सर्वार्थ सिद्धि योग में करवा चौथ का व्रत रखेंगी सुहागिनें



मुरेना/मनोज नायक. शाबाश इंडिया

हर सुहागिन को करवा चौथ का बेसब्री से इंतजार रहता है। महिलाएं महीने दो महीने पहले से ही सुहाग का सामान इकट्ठा करने में जुटी रहती हैं। वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने बताया कि करवा चौथ का व्रत हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को पड़ता है। इस बार यह तिथि 31 अक्टूबर मंगलवार को रात्रि 09:21 बजे से प्रारंभ होकर 01 नवम्बर बुधवार को दिन भर रहते हुए रात्रि 09:19 बजे तक रहेगी। इस बार बुधवार को मृगशिरा नक्षत्र का योग से सर्वार्थ सिद्धि योग पूरे समय तक रहेगा जो हर सुहागिन के व्रत का पूर्ण फल कराएगा। सुहागिन महिलाएं इस व्रत को अपने पति की लंबी आयु के लिए पूरे दिन निर्जला रखती है। रात के समय चंद्रमा को देखकर उसकी पूजा कर अर्ध देकर ही व्रत का पारण करती है। करवा चौथ के दिन शादीशुदा महिलाएं 16 श्रृंगार कर सजती संवरती हैं और रात में चंद्रमा के निकलने के बाद चंद्र दर्शन कर उसकी पूजा कर चंद्रमा को जल देकर और अपने पति का मुख छलनी से देखकर अपना व्रत खोलती है।



## करवा चौथ क्यों और कैसे मनाती हैं सुहागिन ?

करवा चौथ के दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले जागकर व्रत की शुरूआत करती हैं। उसके बाद महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को स्त्रियां दुल्हन की तरह मेंहदी ,महाबर लगाकर 16 श्रृंगार आदि कर तैयार होती हैं और पूजा करती है उसके बाद शाम रात्रि में चंद्र उदय होने पर छलनी से चंद्र दर्शन कर पति को सामने खड़े कर उसकी आरती उतारकर अपना व्रत खोलती हैं। मान्यता है कि माता पार्वती ने शिव के लिए, द्रौपदी ने पांडवों के लिए करवा चौथ का व्रत किया था। करवा चौथ व्रत के प्रताप स्त्रियों को अखंड सौभाग्यवती रहने के वरदान मिलता है। करवा माता उनके सुहाग की सदा रक्षा करती हैं और वैवाहिक जीवन में खुशहाली आती है। इस दिन रहेंगे ये खास योग मृगशिरा नक्षत्र बुधवार, सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ अमृत योग व्रत का समय 01 नवम्बर बुधवार को सूर्योदय से रात्रि चंद्र उदय तक। करवा चौथ का पूजन शाम को 05:36 बजे से शाम 06:53 बजे तक। करवा चौथ का चंद्रोदय मैदानी क्षेत्रों में रात 08:20 पर पर्वतीय क्षेत्रों में रात्रि 08:40 बजे पर होगा।

# पुण्य प्रबल होने पर मिलता जिनवाणी श्रवण का अवसर, प्रमादवश मौका न गंवाएंः इन्दुप्रभाजी म.सा.

## सांसारिक सुख भोगने की लालसा में मत छोड़ो देवगति पाने का अवसर-समीक्षाप्रभाजी म.सा.

सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया



भीलवाड़ा। चातुर्मास सम्पन्न होने के दिन नजदीक आ रहे है। जिनवाणी सुनने का जो अवसर प्राप्त हुआ है उसे प्रमादवश खोना नहीं चाहिए। जिनवाणी श्रवण करने पर विचारों की शुद्धि के साथ आत्मशुद्धि भी होती है। दिवाली पूर्व भगवान महावीर की अंतिम देशना उत्तराध्ययन सूत्र सुनने का जो अवसर मिला है उसका लाभ हर श्रावक-श्राविका को अवश्य लेना चाहिए। ये विचार भीलवाड़ा के चन्द्रशेखर आजादनगर स्थित रूप रजत विहार में सोमवार को मरूधरा मणि महासाध्वी श्रीजैनमतिजी म.सा. की सुशिष्या वात्सल्यमूर्ति महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. ने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिनवाणी सुनने का सौभाग्य पुण्यवानी प्रबल होने पर ही मिलता है। जिनके पाप कर्म प्रबल होते है वह धर्मस्थान के निकट रहने या संत-साध्वियों का आगमन होने पर भी जिनवाणी श्रवण कर कर्म निर्जरा के सुअवसर का लाभ नहीं उठा पाते है। उन्होंने जैन रामायण का वाचन करते हुए भगवान राम के वनवास से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की चर्चा की। धर्मसभा में उत्तराध्ययन सूत्र की 21 दिवसीय आराधना के सातवे दिन तत्वचिंतिका डॉ. समीक्षाप्रभाजी म.सा. ने सातवें अध्याय औरभ्रीय की चर्चा पूर्ण करते हुए कहा कि ये आत्मचिंतन अवश्य करें कि सांसारिक सुख भोगने के चक्कर में हम देवगति पाने का मौका तो नहीं छोड़ रहे है। कई बार थोड़ा पाने का लालच करने पर उस समय पछतावा होता है जब पता चला कि हमे जो बहुत कुछ मिल सकता था उसे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि बूंद के चक्कर में सागर को मत खोओ, जो हाथ में है उसे संभाल लो। आत्मा पर कर्मो का कर्जा चुकाकर इस दुनिया से विदा मत होना। श्रमण संस्कृति का मूल आधार इन्द्रिय विषयों के प्रति अनासक्ति है। हमेशा धर्मात्मा से ज्यादा तर्क पाप करने वाले के पास होते है ऐसे में कोई भी निर्णय करते समय सोच विचार अवश्य करें। जब कर्मो का कर्ज चुकाकर इस दुनिया से विदा होते है तब हमारी आत्मा अनंत सुखों में विलीन हो जाती है। उत्तराध्ययन आराधना के माध्यम से 13 नवम्बर तक उत्तराध्ययन सूत्र के 36 अध्यायों का वाचन पूर्ण किया जाएगा। धर्मसभा में आगम मर्मज्ञा डॉ. चेतनाश्रीजी म.सा., मधुर व्याख्यानी डॉ. दर्शनप्रभाजी म.सा., आदर्श सेवाभावी दीप्तिप्रभाजी म.सा., तरूण तपस्वी हिरलप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा का सानिध्य भी रहा। धर्मसभा में अजमेर से पधारे सुश्रावक पदमचंदजी गादिया आदि अतिथियों का स्वागत श्री अरिहन्त विकास समिति द्वारा किया गया। सचांलन युवक मण्डल के मंत्री गौरव तातेड़ ने किया। श्री अरिहन्त विकास समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सुकलेचा ने बताया कि नियमित चातुर्मासिक प्रवचन प्रतिदिन सुबह 8.45 बजे से 10 बजे तक हो रहे है। चातुर्मासकाल में रूप रजत विहार में प्रतिदिन सूर्योदय के समय प्रार्थना, दोपहर 2 से 3 बजे तक नवकार महामंत्र का जाप हो रहा है।

# आत्मा को साधने पर परमात्मा मिल जाता हैः साध्वी स्नेहप्रभा



सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया

चैन्नई। परमात्मा की शरण मे जाने से पहले मनुष्य को स्वंय की आत्मा की शरण में जाना पड़ेगा। तभी वह परमात्मा तक पहुंच सकता है। सोमवार को साहुकारपेट जैन भवन साध्वी स्नेहप्रभा ने श्रीमद उत्तराध्ययन सूत्र के तेरहवें अध्याय अज्झयणं चित्तसंभूइज्जं पाठ का वर्णन करते हुए श्रध्दांलूओ से कहा कि संसार मे आत्मा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। और मनुष्य संसारिक और भौतिक वस्तुओं से परमात्मा को प्राप्त करना चाहता है जबकि आत्मा को साधने बिना परमात्मा से आत्मा का मिलन नहीं हो सकता है। वही व्यक्ति परमात्मा को प्राप्त कर सकता है जिसने स्वंय की आत्मा को साध लिया तो वह परम-पिता परमेश्वर से अपनी आत्मा का मिलन करवा सकता है। और इस आत्मा को संसार से मुक्ति दिलवा सकता है। महासती धर्मप्रभा ने अंजना चारित्र का वांचन करते हुए कहा कि इंसान के कर्म ही उसके भाग्य की रचना करते हैं। लेकिन संसार मे भाग्य सभी के एक जैसे नहीं होते है लेकिन मनुष्य अच्छे कर्म करके अपने भाग्य को बदल सकता है और जीवन मे सफलता प्राप्त करके भविष्य को संवार सकता है। श्री संघ के कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया ने जानकारी देतें हुए बताया कि धर्मसभा मे अनेक श्रध्दांलूओ के साथ श्री एस.एस.जैन संघ साहुकारपेट के अध्यक्ष एम.अजितराज कोठारी,हस्तीमल खटोड़,अशोक कांकरिया, शम्भूसिंह कावड़िया,पृथ्वीराज वाघरेचा,उत्तम चन्द नाहर आदि की उपस्थित रही।

## वेद ज्ञान

### आस्था अपनत्व की आधारशिला

आस्था के फूल हृदय की पवित्रता रूपी क्यारी में उगे मनोहारी पौधे पर ही खिल सकते हैं। वही आस्था लक्ष्य को पाने में समर्थ हो सकती है, जिसकी जड़ें मौलिकता की खाद से उर्वरा शक्ति पाती हैं। आस्था भक्ति, प्रेम, अपनत्व व आनंद की आधारशिला है। आस्था के पवित्र सरोवर में खिले भावकमल ही प्रभुकृपा का उत्तम प्रसाद पाने के अधिकारी हैं। आस्था की दृढ़ता अपने और अपने आराध्य के मध्य मिलन की दूरी व खाई को पाट देती है। आस्था अपने मंतव्य, गंतव्य व आराध्य को पाने की वह जादुई डोरी है, जिसकी शक्ति, भक्ति व सामर्थ्य से प्रभु, प्रेमी व लक्ष्य स्वयं ही उसकी ओर आकर्षित होते चले आते हैं। पक्के और दृढ़ इरादों से विरचित आस्था के मंसूबे धारक को उसकी मनोकामनाओं की अंतिम मंजिल तक पहुंचाने की गारंटी देते हैं। आस्था अपने साथ विश्वास, नैतिकता, मूल्य व जीवटता को लेकर चलती है। आस्था भटकते राहगीरों और जीवन-सागर में दिशाहीन होकर क्रूर समय के थपेड़े खाते मानव व जीव समुदाय को सही राह दिखाती है। आस्था के बिना कोई भी व्यक्ति जीवन लक्ष्य में आनंद व खुशी पाने की कल्पना नहीं कर सकता। आस्था सतोगुणी मूल्यवान सृष्टि की रचना करती है, जिसका उद्देश्य विशुद्ध रूप से आराधना में पवित्रता के साथ-साथ जीवन को एक उत्तम उद्देश्य के लिए प्रेरित करना होता है। आस्था की प्रबलता प्रभु की अपने प्रति करुणा और प्रीति के बढ़ने की द्योतक होती है। उत्साह भी आस्था की ही आत्मजा है जो इससे प्रेरणा पाकर प्रभु मिलन व उनके साक्षात्कार में सहायक होती है। आस्था, पवित्र भावों की वह मंदाकिनी है जिसमें स्नान करने की लिए देवगण स्वयं ही उत्कंठित रहते हैं। आस्था ही भक्ति व भक्त का कवच है। पावन आस्था की ही परिणति है कि प्रभु राम व माता सीता सदैव अपने भक्त पवनपुत्र हनुमान के हृदय में ही विराजमान रहते हैं। आस्था भक्त के पास ईश्वरीय अनुकंपा की अमोघ शक्ति है, जिससे वह किसी भी पावन जीवन-लक्ष्य की प्राप्ति में सफल हो सकता है। जीवन के अनमोल वैभवों को पाने और आत्मिक व असली आनंद प्राप्ति का मूल मंत्र आस्था है। समृद्धि, खुशहाली, भौतिक, आध्यात्मिक उन्नति और आनंद की जीवन-डोर है आस्था।

## संपादकीय

### स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए पौष्टिक भोजन की आवश्यकता

मनुष्य को जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत होती है, जिसमें से पहली और सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकता रोटी, यानी भोजन है। स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए पौष्टिक भोजन की आवश्यकता होती है। सब जानते हैं कि किसी भी राज्य का दायित्व अपने नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना और आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाना होता है, ताकि वे एक सभ्य जीवन जी सकें। कृषि उत्पादन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर माना जाता है, यहां प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने के बावजूद लाखों बच्चे और महिलाएं भूख से पीड़ित और असमय काल का ग्रास बनने को बाध्य हैं। हाल ही में जारी वैश्विक भूख सूचकांक-2023 की रिपोर्ट में 125 देशों की सूची में भारत एक सौ ग्यारहवें स्थान पर आया है। रिपोर्ट के अनुसार यह पिछले साल की तुलना में चार स्थान नीचे गिरा है, जबकि भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका की स्थिति भारत से कहीं बेहतर है। यह बात और है कि पहले के वर्षों की तरह इस बार भी भूख सूचकांक रिपोर्ट को केंद्र सरकार ने स्वीकार नहीं किया। उसका तर्क है कि जिन चार मापदंडों, जैसे कुपोषण, बाल मृत्यु दर, बाल कुपोषण, चाइल्ड वेस्टिंग यानी बच्चे का अपनी उम्र के हिसाब से बहुत दुबला या कमजोर होना, पर भुखमरी का आकलन किया जाता है, वह दोषपूर्ण है। पांच साल से कम उम्र के ऐसे बच्चे, जिनका वजन उनके कद के हिसाब से कम होता है, यह दर्शाता है कि उन बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिला, इस वजह से वे कमजोर हो गए। चाइल्ड स्टंटिंग यानी ऐसे बच्चे, जिनका कद उनकी उम्र के लिहाज से कम हो। जिन बच्चों में लंबे समय तक पोषण की कमी होती है, उनमें स्टंटिंग की समस्या देखी जाती है। वैश्विक भूख सूचकांक से ज्ञात होता है कि किसी देश में भुखमरी और कुपोषण की स्थिति क्या है। पिछले वर्ष यानी 2022 में 121 देशों की श्रेणी में भारत 107वें स्थान पर था, 2021 में 101वें और 2020 में 94वें स्थान पर था। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में भूख का स्तर 28.7 अंक है, जो गंभीर स्थिति को व्यक्त करता है। चाइल्ड वेस्टिंग की दर 18.7 फीसद है, जो अतिकुपोषण की संकेतक है। सरकार का कहना है कि चार में से तीन संकेतक बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े हैं, जो पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। चौथा संकेतक समग्र आबादी में कुल कुपोषितों का अनुपात ज्ञात करना है, जिसे मात्र तीन हजार नमूनों के मत सर्वेक्षण से एकत्र किया गया है, इसलिए सरकार इन आंकड़ों को सही नहीं मान रही। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में अल्पपोषण की दर 16.6 फीसद और पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 फीसद है और 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में रक्त की कमी 58.1 फीसद है। अगर इन आंकड़ों को स्वीकार किया जाए, तो भारत की स्थिति वास्तव में बहुत दयनीय है। दूसरी तरफ एक अन्य रिपोर्ट वैश्विक बहुस्तरीय गरीबी सूचकांक में संयुक्त राष्ट्र ने खुलासा किया है कि भारत में 2005-06 से 2019-21 के बीच में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

### गन्ना मूल्य...

गन्ने का पेराई सत्र शुरू होने में एक हफ्ते से भी कम का समय रहने के बावजूद सरकार ने इस वर्ष के लिए गन्ने के मूल्य में अभी तक किसी भी तरह की बढ़ोतरी की घोषणा नहीं की है। पेराई सत्र के कम से कम एक महीना देरी से चलने के कारण निजी कोल्हुओं की मनमानी से परेशान किसानों और किसान संगठनों में कुलबुलाहट होने लगी है। किसानों को उम्मीद है कि आगामी वर्ष लोकसभा चुनाव का होने के चलते सरकार गन्ने के दाम में जरूर बढ़ोतरी करेगी। गन्ना उत्पादन के मामले में उत्तर प्रदेश, देश के अन्य सभी राज्यों में अव्वल है। यहां देश में कुल उत्पादित गन्ने के 44.50 फीसद का उत्पादन होता है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक मिल कर देश के कुल उत्पादन का 80 फीसद गन्ना पैदा करते हैं। उत्तर प्रदेश के पचास लाख से ज्यादा किसानों के जीवन में गन्ने के माध्यम से मिठास आती है। इसके पश्चिमी भू-भाग में गन्ना मिलों द्वारा डेढ़-दो सालों के विलंब से भुगतान करने के बावजूद गन्ने को मुख्य नगदी फसल के रूप में माना जाता है। इसके साथ ही अब एथेनाल उत्पादन में भी प्रदेश अन्य प्रदेशों से आगे निकल चुका है। प्रदेश की चीनी मिलों में एथेनाल का उत्पादन आठ गुना तक बढ़ गया है। वर्तमान में प्रदेश में दो अरब लीटर एथेनाल का उत्पादन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में गन्ने के रकबे में भी बढ़ोतरी हुई है। पिछले एक वर्ष में गन्ने के क्षेत्रफल में 92,052 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही गन्ना की खेती का रकबा अब 28.53 लाख हेक्टेयर हो गया है। उत्तर प्रदेश में औसत गन्ना उत्पादकता वर्ष 2016-17 में 72.38 टन प्रति हेक्टेयर थी। वर्ष 2020-21 में यह बढ़ कर 82.31 टन प्रति हेक्टेयर हो गई। इससे लगभग 9.93 टन प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त गन्ने का उत्पादन हुआ है। पेराई सत्र 2022-23 में प्रदेश की चीनी मिलों ने 1878.19 लाख कुंतल गन्ने की पेराई कर लगभग 103 लाख टन चीनी का उत्पादन किया। प्रदेश में गन्ने का उत्पादन बढ़ रहा है, तो साथ में खेती की लागत में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन फसल के दाम उस अनुपात में नहीं बढ़े। 2020 में नीति आयोग द्वारा प्रोफेसर रमेश चंद्र की अध्यक्षता में गठित कार्यबल ने बढ़ते एफआरपी के कारण किसानों का गन्ने की फसल के प्रति झुकाव और गन्ने के बढ़ते उत्पादन का मुख्य कारण माना था, और अपनी सिफारिश में किसानों को कम गन्ना बोने की सिफारिश की थी। हालांकि समिति ने रंगराजन समिति की सिफारिश पर आधारित राजस्व साझा फामूर्ला (आरएसएफ) लागू करने का भी सुझाव दिया था। रंगराजन फामूर्ले के अनुसार गन्ने का मूल्य चीनी उत्पादन से प्राप्त राजस्व का 70 से 75 फीसद (जिसमें 5 फीसद अतिरिक्त गन्ने से प्राप्त होने वाले अन्य उत्पादों) से जुड़ा होना चाहिए। जबकि आरएसएफ से निर्धारित मूल्य हमेशा उचित और लाभकारी मूल्य यानी एफआरपी से ज्यादा होगा। अगर यह मूल्य एफआरपी से कम हो जाता है तो इसकी भरपाई गन्ना विकास कोष, शुगर डेवलपमेंट फंड (एसडीएफ) से की जाएगी। सरकार द्वारा गठित इस समिति द्वारा मिल मालिकों के हित में दिए गए सुझाव तो मान लिए गए, पर किसान हित में दिए गए सुझाव आज भी लागू होने का इंतजार कर रहे हैं।

# ब्यूटी ऑफ राजस्थान का क्राउन लांचिंग, सैश सेरेमनी संपन्न

## प्रतिभागियों को पुष्कर के लॉस कबाना होटल में दी जाएगी ग्रुमिंग क्लासेज

जयपुर. शाबाश इंडिया। मालीराम एण्ड सन्स एंटरटेनमेंट की ओर से सीकर रोड स्थित होटल रमाडा में रविवार को सौंदर्य प्रतियोगिता ब्यूटी ऑफ राजस्थान के क्राउन लांचिंग, सैश सेरेमनी का आयोजन हुआ। फर्स्ट इंडिया हेड डॉ जगदीश कातिल, आरएएस पंकज ओझा , भूमीजा स्कूल के संस्थापक मनोज, अमन और राजस्थान नाथ समाज के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर योगी समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे। मालीराम एण्ड सन्स एंटरटेनमेंट के डाइरेक्टर गौरव योगी ने बताया कि समारोह के दौरान टैलेंट राउंड हुआ जिसमें 25 प्रतिभागियों ने डांसिंग, सिंगिंग, योगा आदि टेलेंट का परिचय दिया। अब प्रतिभागियों को पुष्कर के लॉस कबाना होटल में ग्रुमिंग क्लासेज दी जाएगी। योगा, डांस, मेडिटेशन और सेल्फ डिफेंस भी सिखाया जाएगा। संस्था के प्रेरणा मंडलोई, रविकांत शर्मा और कपिल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में भंवर सिंह, गोविंद सिंह, एसएसवीसी ग्रुप के चेयरमैन मदन यादव, एडोवकेट राजेंद्र मीना, संदीप और किशन योगी, सुगंधा शर्मा, राशिका राठौड़, सोनिया सारण, नीरज बेनीवाल टीम मेंबर भी उपस्थित रहे।



# गोठी स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

अमित गोधा. शाबाश इंडिया

ब्यावर। वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर के प्रांगण में आज नन्हे जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें कक्षावार लगभग 100 से भी अधिक बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ।बच्चे विभिन्न रूप धरकर स्कूल आए। राम,कृष्ण, हनुमान, खाटू श्याम,महावीर स्वामी, सरस्वती मां आदि भगवान के साथ साथ विभिन्न प्रोफेशन जैसे डॉक्टर इंजीनियर, वकील, टीचर के अलावा देशभक्त जैसे भगत सिंह, महात्मा गांधी, सुभाष चंद बोस, मातृ शक्ति लक्ष्मी बाई चंद्रयान आदि कई मनमोहक प्रस्तुति देखने को मिलीं। जिसे उपस्थित दर्शक भाव विभोर हो गए। प्रतियोगिता का आयोजन किरण जैन के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता को निदेशक आर सी लोढ़ा, नियंत्रक श्री ललित कुमार लोढ़ा, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा और उप प्रचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने मंच पर उपस्थित होकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया और कार्यक्रम के पश्चात संयुक्त रूप से परिणाम जारी करते हुए बताया की कक्षा पहली मे प्रथम स्थान पर हुनर कुमार द्वितीय स्थान पर करणवीर सोनी तृतीय स्थान पर पार्थ कुमावत , मयांश रावत और आर्या धूत रहे। कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान पर युवराज बंसल द्वितीय स्थान पर श्रेयांक जैन तृतीय स्थान पर तक्ष जैन रहे। कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान पर रियांश प्रजापति द्वितीय स्थान पर ऐशना उपाध्याय तृतीय स्थान पर मितांश प्रजापति रहे। कक्षा चौथी मे प्रथम स्थान पर गोपाल मुंदड़ा द्वितीय स्थान पर प्रांजल सांखला और तृतीय स्थान पर परिधि मुंदड़ा , समीक्षा जैन और अविशा लाटा रहे। कक्षा पांचवी मे प्रथम स्थान पर पूर्ति चतुर्वेदी द्वितीय स्थान पर गौरव हरचंदानी और वैभव गौर तृतीय स्थान पर लक्षिका सोनी और हर्षवर्धन ललनेचा रहे इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, निदेशक डॉ आर सी लोढा,नियंत्रक श्री ललित कुमार लोढ़ा, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा, उप प्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को शानदार प्रदर्शन करने के लिए उत्साहवर्धन किया।




## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर

# 11वां प्रतिभा सम्मान समारोह एवं पत्रकार सम्मेलन आयोजित

मनीष विद्यार्थी. शाबाश इंडिया

शाहगढ। परम पूज्य नगर गौरव आचार्य श्री 108 देवनंदी जी महाराज की प्रेरणा से तहसील प्रेस क्लब मध्यप्रदेश रजि. के तत्वाधान में, जनसंत उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर 1 नवंबर 2023 बुधवार को दोप. 1:00 से नगर भवन से संपन्न होगा । 11वां प्रतिभा सम्मान समारोह एवं ज्ञानोदय प्रेस अवार्ड, पत्रकार सम्मेलन एवं केरियर काउंसलिंग कार्यक्रम होगा। जिसमें बण्डा, शाहगढ विकासखंड 250 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। कार्यक्रम संयोजक मनीष विद्यार्थी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया विगत 7 वर्षों के विशिष्ट व्यक्तित्व को नगर गौरव एवं पत्रकारों के लिए पत्रकार श्री की उपाधि अलंकरण समारोह होता है, इस बार नगर गौरव की उपाधि से राजेंद्र जैन रिटा.सहायक लेखा अधिकारी एवं प्रो. पी एल प्रजापति सागर पत्रकार श्री से भोपाल से ऋषभ जैन, सागर से दूरदर्शन संवाददाता प्रमोद राजपूत, छतरपुर से हरिभूमि ब्यूरो चीफ राज पटेरिया, शाहगढ से सौरभ अरेल को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में केरियर काउंसलिंग के माध्यम से जो छात्र-छात्राऐं उच्च शिक्षा के संबंध में अपने फ्यूचर के विषय में जानकारी चाहते हैं, तो विषय विशेषज्ञ द्वारा जानकारी प्राप्त होगी। पत्रकार सम्मेलन एवं उपा. श्री के मंगल प्रवचन सुनने का अवसर प्राप्त होगा ।प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रकाश अदावन सभी को पधारने ने की अपील की जिससे प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा ।



# तप अभिनन्दन समारोह साध्वी संयम सुधा के 45 उपवास का

## तप से तप और आदर की चादर ओढ़ाकर आचार्य द्वारा संयम सुधा को तप रत्नेशरी से करवा अंलकृत

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**



तप से तप और आदर की चादर ओढ़ाकर आचार्य द्वारा साध्वी को तप रत्नेशरी से करवा अंलकृत। सोमवार को तपस्वीनी साध्वी सयंमसुधा के 45 उपवास की उग्रतपस्या के तप सम्मान समारोह अहिंसा भवन शास्त्री नगर में महासती उमरावकंवर प्रखंर वक्ता डॉ.प्रितीसुधा, साध्वी मधुसुधा तथा डॉ दर्शन प्रभा,साध्वी हिरलप्रभा के सानिध्य मे सादगीपूर्ण आंडबर रहित श्रीसंघ अहिंसा भवन द्वारा तप अभिनंदन समारोह किया गया। प्रवक्ता निलिष्का जैन जानकारी देतें हुए बताया अहिंसा के संरक्षक मीठ्ठालाल सिंघवी मार्ग दर्शक अशोक पोखरना,अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल,हेमन्त आंचलिया,कुशलसिंह बूलिया मंत्री रिखबचंद पीपाड़ा,संदीप छाजेड़,सरदार सिंह कावड़िया, चंदन बाला महिला की अध्यक्षा नीता बाबेल,मंजू पोखरना, संजू लता बाबेल,उमा आंचलिया,कमला चौधरी रजनी सिंघवी, सुनीता झामण,मंजू बाफना,वनीता बाबेल,लाड़ मेहता,आशा संचेती आदि सभी ने तपस्वी साध्वी संयम सुधा को श्री संघ की आदर की चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया तत्पश्चात अखिल भारतीय राष्ट्रीय जैन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष आंनद मल छल्लाणी के प्रतिनिधी के तौर पर उपाध्यक्ष दिनेश भलगट,नवरतनमल गुंदेचा,कांतिलाल जैन,प्रवीण बोहरा,सुरेश कोठारी,नथमल गांधी आदि राष्ट्रीय जैन कॉन्फ्रेंस अध्यक्षा पुष्पा गौखरू आदि ने श्रमणसंघ के पट्टधर आचार्य शिवमुनि जी म.सा द्वारा साध्वी संयम सुधा को तप रत्नेशरी केअलंकृत पत्र एवं संत शिरोमणी प्रवर्तक सुकन मुनि द्वारा साध्वी प्रीतीसुधा को प्रवचन चंद्रिका के विभूषित अलंकृत अभिनन्दन पत्र और आदर की चादर प्रदान की साथ ही शांति भवन भोपालगंज के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़ मंत्री राजेन्द्र सुराणा,सुशील चपलोत मनीष बम्ब,नवरतनमल भलावत, अमरसिंह डूगरवाल तथा तपस्वी साध्वी की जन्मधरा जवाली, नथमल गांधी दिनेश भलगट केवल गांधी उदयपुर,पाली, जौधपुर,सोजत,जैतारण आदि अनेक क्षैत्रों पधारें पदाधिकारियों ने साध्वी मंडल को शोल ओढ़ाकर तप की अनूमोदना की। इसदौरान अहिंसा भवन के सभी श्रध्दांलूओ और पदाधिकारियों ने साध्वी संयम सुधा के 45 उपवास की तपस्या पूर्ण होने पर सभी ने उपवास करके तप से तप द्वारा अनूमोदना की इसदौरान साध्वी सयंम सुधा ने सभी आशीर्वाद और महामंगल पाठ देकर आभार व्यक्त किया। दोपहर चंदनबाला महिला मंडल के तत्वावधान मे नीता बाबेल के द्वारा चौबीसी आयोजन रखा गया जिसमे सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और मंगल गीत गाकर तपस्वनी साध्वी को बधाई दी।

**प्रवक्ता निलिष्का जैन**

# ज्ञान से होता है चिंतन मनन का भाव : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी

**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ श्री दिगम्बर जैन मंदिर सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी जिला टोंक (राज.) में विराजमान है। माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य राजकुमार संजय ब्यावर टीकमचंद केकडी वालों ने प्राप्त किया। शांतिप्रभु के पादमूल में शांति विधान का अवसर पर



सन्तोष वरुण पथ जयपुर वालों को प्राप्त हुआ। पूज्य माताजी ने सभी को संबोधन देते हुए कहा कि - हर व्यक्ति को सबसे पहले सुनने की आदत डालनी चाहिए। जो व्यक्ति सुनता कम है और बोलता ज्यादा है, वह आगे बढ़ने के तमाम अवसरों से चूक जाता है। हमारे ऋषियों मुनियों ने शुभ और सुखद सुनने की कला बताई है। जब व्यक्ति विद्वानों, श्रेष्ठजनों और गुरुओं की बातें सुनता है तो शब्द रूपी ब्रह्म कानों से प्रवेश कर मस्तिष्क में रासायनिक परिवर्तन करते हैं। मस्तिष्क में अच्छी-अच्छी बातें आती हैं। वहीं खराब और बुरी बातें सुनने के बाद प्रायः झगड़े-फसाद हो जाते हैं। ज्ञान से चिंतन-मनन का भाव पैदा होता है। जेम्स वाट ने भाप की आवाज को पहचाना कि भाप में शक्ति है तो न्यूटन ने सेब के गिरने की आवाज सुन ली और गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत प्रतिपादित किया। बड़े-बड़े भौतिक विज्ञान के प्रोजेक्ट क्यों न हो उनमें डिजाइन और प्लानिंग की जाती है। फिर उसके हिसाब से धन की व्यवस्था की जाती है। फिर उस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होता है। उसी प्रकार जीवन में सबसे पहले मन की आवाज जरूर सुननी चाहिए। प्रथम स्तर पर मन ही बहुत कुछ बता देता है। गलत काम को तो जरूर बताता है। आसपास की घटनाओं, माता-पिता, गुरु आदि की बातों को गहराई से सुनकर जब कोई कदम उठाएंगे तो वह बेहतर होगा।





॥ जय श्री श्याम ॥
Reg. No.: 507/DHL/2016/17
कमलाबाई चेरिटेबल ट्रस्ट
नई राह – नई दृष्टि..!, ज्ञान वही – वही सृष्टि..!!
दिवाली उत्सव
Donate
एक
एक कोशिश
निवाला
TM
प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण
खुशियों वाला
सेवा राशि 50/- रूपये प्रति थाली
स्कैन करके पे करें, अपनी श्रद्धा अनुसार एक से अधिक व्यक्तियों के लिए भी भोजन सहयोग कर सकते है
लक्ष्य
5100
थालिया
12 नबम्वर 2023 रविवार
शाम 4 बजे
सरकारी अस्पतालों
में निःशुल्क भोजन सेवा
+91-7231-8888-00 / 11 / 22 / 33
142, यादव चेम्बर, माँ हिंगलाज नगर बी, लालरपुरा,
गांधी पथ रोड (पश्चिम), वैशाली नगर, जयपुर, 302021 (राज.)
kbctindia@gmail.com | KamlabaiCharitableTrust YouTube Kamlabai Charitable Trust | www.kbct.org
SCAN TO DONATE
All QR / UPI Apps Accepted
7231 8888 00
BHIM | G Pay | Paytm | PhonePe



# आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज का अवतरण दिवस मनाया



**आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज का अवतरण दिवस मनाया। समस्त भारत वर्ष से आए यात्रियों ने श्री सम्मेद शिखर में किया श्री भक्तामर दीप महार्चना**

**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर दिनाक 28 अक्टूबर को सांयकाल निहारिका परिसर गुणायतन मधुबन में भारत के विभिन्न प्रांतों से सम्मेद शिखर जी आए, (सात हजार पांच सौ पिचत्तर) 7575 तीर्थ यात्रियों के साथ श्री भक्तामर अनुष्ठान दीप महाअर्चना का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। परम्पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज और उपाध्याय गुप्ति सागर जी महाराज, परम्पूज्य गुरुदेव प्रमाण सागर जी, निर्वेग सागर जी और शीतल सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से पूरा ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। ये महआयोजन दिल्ली निवासी पवन जैन गोधा अपनी पूरी टीम के साथ पिछले 10 वर्षो से लगातार करते आ रहे हैं। गोधा ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपनी पूरी टीम और पूरे परिवार के साथ भारत के विभिन्न क्षेत्रों और राजधानी दिल्ली से आए हजारों यात्रियों को यह विशेष अनुष्ठान को पूरे भक्ति भाव से सम्पन्न करवाया। जयपुर से यात्रा संयोजक पीयूष जैन ने बताया कि पावन अनुष्ठान में दीप प्रज्वलित कर श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गजराज जैन गंगवाल ने पहला स्थान प्राप्त दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया, उसके बाद पवन प्रीति जैन गोधा, पीयूष निम्मी जैन नारायण विहार, विजय वीना जैन चांदी वाले, राजेश पुष्पा जैन पीतमपुरा, निशांत विनीत अर्चना जैन ग्रीन पार्क, राजेश नीलम जैन ग्रीन पार्क ने अपने पुरे परिवार के साथ और भारत के सभी क्षेत्रों टीटीई से आए हजारों यात्रियों ने एक एक काव्य में दीप प्रज्वलित किये। श्री विद्यासागर यात्रा संघ जयपुर से इस कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था देख रहें शैलेंद्र पाटनी ने बताया कि इस अनुष्ठान की तैयारी काफी समय पूर्व से की जा रही है और इस विशेष कार्यक्रम की मनभावन प्रस्तुति श्री विद्यासागर यात्रा संघ जयपुर से सुश्री निष्ठा जैन एवं सुश्री विधि जैन जयपुर ने 1300 किलोमीटर दूर इस पावन भूमि पर आकर दी है।

**जीव दया के लिए दयोदय गौशाला के लिए 6.25 लाख की राशि हुई एकत्र:** इस पावन अवसर पर जीव दया के लिए समर्पित अनुष्ठान में गौशाला में दान हेतु लगभग 6.25 लाख रुपए की राशि एकत्र की गई जिसे दयोदय गौशाला भोपाल कार्यलय में सामुहिक रुप से जमा कराया जाएगा। 10वी श्री सम्मेद शिखर यात्रा के प्रमुख संयोजक दिल्ली निवासी पवन जैन गोधा ने बताया कि आज घर घर में श्री भक्तामर की महिमा है और ये स्तोत्र जन जन के मन में समाया हुआ है इसलिए इस भव्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पूरे विश्व में तीन चैनल आदिनाथ टीवी चैनल, पारस चैनल और जिनवाणी चैनल के माध्यम से किया गया है।

**आपके विचार**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक–ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई–मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



# जैन सोशल ग्रुप सनशाइन संगिनी का गरबा उत्सव संपन्न





**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

**ब्यावर।** जैन सोशल ग्रुप सनशाइन संगिनी का गरबा उत्सव रांका जी की बगीची मे संपन्न हुआ। अध्यक्ष आकांक्षा बुरड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों की अलग-अलग गरबा प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की आरती के साथ एवं जैन मंगलाचरण के द्वारा हुई जिसे प्रीति डेडिया, ममता श्रीश्री माल, रांखी सांखला ने प्रस्तुत किया। सचिव शोभन्ता मेहता ने बताया कि बच्चों की कैटेगरी में 1 से 8 वर्ष की आयु वर्ग में बेस्ट ड्रेस एवं बेस्ट डांस में कम से प्रथम समृद्धि कोठारी और कविश बाबेल और द्वितीय लविश बाबेल और सनाया रहे। इसी प्रकार 9 से 12 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम नमन आबड़ एवं द्वितीय लब्धि कोठारी एवं सिद्धांत बुरड़ व झलक जैन रहे, इसी वर्ग में बेस्ट ड्रेस में द्वितीय अनमोल मेहता, हार्दिक आबड, बेस्ट डांस मान्या जैन और दक्ष जैन रहे। 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में बेस्ट डांस में प्रथम जानवी बाबेल एवं द्वितीय आर्ची नाहर रहे ।इसी आयु वर्ग में ड्रेस में प्रथम अन्वी मेहता एवं द्वितीय वैशाली पगारिया रही। कोषाध्यक्ष सुमिता बाबेल ने बताया कि महिलाओं के वर्ग में बेस्ट ड्रेस अप और नृत्य में क्रमश प्रथम अनीता पीपाड़ा एवं सीमा सांखला रहे, द्वितीय श्वेता कोठारी एवं मीनल कर्णावट रहे, तृतीय दीपिका नाहटा एवं प्रियंका छल्लानी रहे। युगल नृत्य में क्रमशः प्रथम राखी सांखला व रूपल बंब रहे द्वितीय ममता श्री श्रीमाल, रचना रूनीवाल एवं तृतीय रश्मि बाबेल एवं खुशी बाबेल रहे। ग्रुप नृत्य प्रतियोगिता में अष्ट दुर्गा ग्रुप प्रथम रहा एवं नवरंग ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा। सह सचिव इशा कोठारी ने बताया कि बेस्ट डांडिया डेकोरेशन प्रतियोगिता में विनीता बुरड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बेस्ट डांडिया क्वीन का पुरस्कार श्वेता कोठारी को प्रदान किया गया। मीनल कर्णावट एवं प्रियंका छल्लानी ने अनेक प्रकार के मनोरंजक गेम भी खिलाएं। निर्णायक की भूमिका श्रीमती काजल शर्मा एवं श्रीमती अर्पिता शर्मा ने निभाई। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर जैन सोशल ग्रुप सनशाइन के अध्यक्ष विक्रम सांखला एवं सचिव प्रतीक खटोड़ उपस्थित थे, साथ ही कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर के रूप में श्री मोहित बुरड़ एवं श्री विजय मेहता भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं सचिव शोभन्ता मेहता ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सोजतिया ज्वेलर्स बना फिक्स्ड प्राइस शोरूम

उदयपुर. शाबाश इंडिया। करवा चौथ, पुष्य नक्षत्र और धनतेरस ये सब साल के वो दिन है, जिन दिनों में सोना चांदी खरीदना साक्षात माता लक्ष्मी को घर पर लाने के समकक्ष माना जाता है। महिलाओं के अटूट सुहाग के पर्व करवा चौथ पर सोना, डायमंड, पोलकी तथा चांदी की ज्वेलरी आदि जीवन संगिनी को गिफ्ट करना अब आम बात हो गई है। ऐसे में इन सभी खास मौकों पर सोजतिया ज्वैलर्स विशेष डिजाइनर कलेक्शन लाया गया है। सोजतिया निदेशक डॉ. महेंद्र सोजतिया ने बताया कि शो रूम पर रीजनेबल तथा फिक्स्ड मेकिंग चार्जेज ज्वैलरी ग्राहकों की पसंद बनी है। उन्होंने कहा ज्वेलर्स पर उपलब्ध हजारों आभूषणों की मेकिंग चार्ज का निर्धारण बहुत ही सावधानी पूर्वक निमार्णी लागत तथा उचित लाभ को जोड़कर किया गया है। इससे अब ग्राहकों को मेकिंग चार्ज के लिए बारगेनिंग नहीं करनी पड़ेगी। यहां लाइट वेट ज्वेलरी, कुंदन, मीना, एंटीक, कोलकाता, डायमंड तथा डायमंड पोलकी ज्वैलरी का नायाब कलेक्शन रखा गया है।



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

















## 120 लोगों ने उठाया शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरो के परामर्श का लाभ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति एवम आदिनाथ मित्र मंडल द्वारा जे एल एन मार्ग स्थित राजस्थान अस्पताल में रविवार, 29अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक एक निशुल्क चिकित्सा एवम नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सन्मति ग्रुप अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका एवम सचिव अनिल - निशा संघी ने बताया कि शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कैलाश चंद्रा, नाक कान गला विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जीतेश जैन, डायबिटीज विशेषज्ञ डॉक्टर प्रियाश्री कटेवा, केंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सरजीत सैनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिल्पा जेठवानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निकिता जैन तथा फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर गरिमा सिंह निशुल्क सेवा का 120 लोगो ने लाभ उठाया। आदिनाथ मित्र मंडल के अध्यक्ष सुनील जैन व मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि शिविर में विभिन्न जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध थी जैसे बी एम डी, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ई सी जी,फाईब्रो स्कैन, मेमोग्राफी, ओपथाल स्क्रीनिग, पैप स्मियर तथा कान की मशीन द्वारा जांच आदि। रीजन अध्यक्ष राजेश-सीमा बड़जात्या तथा महासचिव निर्मल-सरला संघी के अनुसार समारोह की अध्यक्षता राजस्थान अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर एस एस अग्रवाल, मुख्य अतिथि मुनीभक्त,प्रमुख समाज सेवी उत्तम जी-सरोज देवी पांड्या व दीप प्रज्ज्वलन कर्ता भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय मंत्री महेश काला विशिष्ठ अतिथि डॉक्टर सर्वेश अग्रवाल थे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर महेश काला, उत्तम जी सरोज देवी पांड्या तथा उपस्थित अथितियों ने किया। समता गोदिका, सीमा बड़जात्या, निशा संघी ने मंगलाचरण किया। शिविर के मुख्य समन्वयक दर्शन-विनिता बाकलीवाल ने बताया कि विनोद-हेमा सोगानी, चक्रेश - पिंकी जैन, राकेश-रेणु संघी, प्रदीप - प्राची बाकलीवाल, कमल-मंजू ठोलिया, चेतन-डॉक्टर अनामिका पापड़ीवाल को समन्वयक तथा साकेत जैन कुमकुम फोटोज, विमल जैन, अशोक सेठी, पंडित विनोद शास्त्री को सयोजक बनाया गया था जिनके अथक प्रयासों से शिविर का सफल आयोजन हुआ। विशेष रूप से राजस्थान अस्पताल के कार्यक्रम कोडिनेटर वरुण सिंह का विशेष सहयोग रहा। सन्मति ग्रुप के कार्याध्यक्ष मनीष-शोभना लोंग्या के अनुसार शिविर में अनिल कुमार जैन क्ढर, सुरेंद्र पांड्या, नवीन सेन जैन, सुरेश जैन बांदीकुई, पारस कुमार जैन, मोहन लाल गंगवाल, गिरीश जैन, सतीश बाकलीवाल, बसंत जैन, श्रीमती शकुंतला बिनायक्या , महावीर बिंदाक्या , महावीर बोहरा, सुरेंद्र कुमार मोदी, डॉ इंद्र कुमार जैन, राकेश छाबड़ा, दिनेश पारीक, सुरेश भोच आदि अनेक गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर मानव सेवा के इस कार्य में अपना सहयोग दिया। @...पेज 11 पर

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न






## रक्तदान शिविर में सहयोग कर्ता ब्लड बैंक का हुआ सम्मान

**जयपुर।** शिविर में मार्च अप्रैल में आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक सन्मति ग्रुप द्वारा लगाए गए 32 रक्तदान शिविर लगाने में अपना सहयोग करने वाले ब्लड बैंक के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि आर के मार्बल ग्रुप, ए आर इंफ्राटेक तथा समाचार जगत के सहयोग से लगाए गए इन शिविरों में मानव सेवार्थ लगभग 2200यूनिट रक्त एकत्र किया गया था।











# जैन सोशल ग्रुप महानगर जेकेजे दीपोत्सव डान्डिया एवं किड्स फैशन शो का हुआ भव्य आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप इन्टरनेशनल फैडरेशन नोर्थन रीजन के तत्वाधान में जैन सौशल ग्रुप महानगर जयपुर का 21वा दीपोत्सव डान्डिया कार्यक्रम में फैशन शो महावीर स्कूल सी-स्कीम जयपुर में शाम 4.00 बजे से आयोजित किया गया। कसेरा किडस फैशन शो में बच्चो के चार केटेगरी 2 से 4 वर्ष, 4 से 8 वर्ष, 8 से 12 वर्ष एवं 12 से 15 वर्ष रखी गई थी। फैशन शो का समय 4 बजे से 6.00 बजे तक रखा गया था। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कसेरा किडस फैशन शो के उद्घाटनकर्ता महावीर जैन कसेरा,( कसेरा टैन्ट एवं इवेंट) अध्यक्षता शंकर रुंडला,(रुंडला एन्टरप्राइज) मुख्य अतिथि पीयूष सोनी एवं विशिष्ट अतिथि मनोज मारु ( जयपुर चक्की) थे। महानगर ग्रुप अध्यक्ष संजय छाबड़ा (आंवा) एवं सचिव सुनील गंगवाल ने बताया कि फैशन शो में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दे कर उन्हें प्रोत्साहित किया, भाग ले रहे बच्चों में से 5 लक्की ड्रॉ भी निकाला गया। इस शो में फैशन शो जज श्रीमति शालिनी जैन एवं श्रीमती मृदुला पाटनी ने हर वर्ग में दो-दो बच्चों को विजेता घोषित किया जिन्हें महानगर टीम ने पुरस्कृत किया गया। किडस फैशन शो के सयोजक अरविंद - दिपीका जैन, विपिन - हेमा जैन, अमित - मोनिका आन्धिका, मनीष - साक्षी जैन एवं अनूप - डा. पूजा जैन रहे, जिन्होने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया। जेकेजे 21वा डान्डिया दीपोत्सव कार्यक्रम 2023 का मुख्य आकर्षण कसेरा किडस फैशन शो था। संपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक जेकेजे ज्वैलर्स है ओर प्रायोजक एआरएल इन्फोटेक, सिटिवाईबस, कोटक महेंद्रा बैंक, सरस डेयरी, श्री राम ग्रुप, चार्ट ग्रुप थे। जेकेजे ज्वैलर्स की ओर से लक्की ड्रॉ में सोने के 4 सिक्के दिये गए।









